# प्रेस नोट- थाना निगोही
# जनपद शाहजहाँपुर पुलिस
## सराहनीय कार्य दिनांक- 27.09.25
## "थाना निगोही पुलिस की बड़ी सफलता – मुठभेड़ में गैंगस्टर एक्ट का वांछित/गोकश शातिर फुरकान कुरैशी गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद"

- ✓ **थाना निगोही पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 433/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट मे वांछित/गोकश अभियुक्त फुरकान कुरैशी को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया।**
- ✓ **गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमन्चा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा दो अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 01 अदद मोबाइल ओप्पो कम्पनी रंग आसमानी नीला बरामद किया गया।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराधों की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में थाना निगोही पुलिस द्वारा **मु0अ0सं0 433/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट** थाना निगोही से संबंधित वांछित/गोकश अभियुक्त फुरकान कुरैशी पुत्र शरीफ कुरैशी निवासी मोहल्ला ग्यासपुर कस्बा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

थाना निगोही पुलिस द्वारा भर्री बसंतपुर मोड़ बीसलपुर रोड पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना निगोही पर पंजीकृत मु0अ0सं0 433/2025 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का वांछित/गोकश अभियुक्त **फुरकान कुरैशी पुत्र शरीफ कुरैशी निवासी मोहल्ला ग्यासपुर, कस्बा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत**, खनन्का बार्डर से पहले स्थित दूध फैक्ट्री के पास अपने अन्य साथियों का इंतजार कर रहा है। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मय पुलिस बल मौके पर पहुँचे। जैसे ही पुलिस टीम खनन्का बार्डर से पहले स्थित *सृजनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड (दूध फैक्ट्री)* से लगभग 50 मीटर पहले पहुँची, मुखबिर द्वारा इशारा कर उक्त व्यक्ति की पहचान गोकश अभियुक्त फुरकान कुरैशी के रूप में की गई। पुलिस को देखते ही अभियुक्त ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर 02 राउंड फायर किया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक फायर किया गया, जिससे अभियुक्त के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से **01 अदद देशी तमंचा .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस व 02 अदद खोखा कारतूस** बरामद किए गए। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल शाहजहाँपुर भेजा गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है।पुलिस मुठभेड़ के आधार पर थाना निगोही पर **मु0अ0सं0 448/2025 धारा 109(1)/352 भारतीय दण्ड संहिता (BNS) व 3/25/27 आयुध अधिनियम** बनाम अभियुक्त फुरकान कुरैशी पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त **दिनांक 27.09.2025 को समय लगभग 00:33 बजे, स्थान खनन्का बार्डर के पास धूलिया मोड़ से सिद्ध बाबा मन्दिर जाने वाले कच्चे मार्ग पर पुलिया के पास से गिरफ्तार** किया गया। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा तथा न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड स्वीकृत कराकर जेल भेजा जायेगा।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता

1.फुरकान कुरैशी पुत्र शरीफ कुरैशी निवासी मोहल्ला ग्यासपुर कस्बा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत उम्र करीब 28 वर्ष

## गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास—

1. मु0अ0सं0 153/2025 धारा 3/5/8/5(क) गौवध निवारण अधिनियम/गौहत्या निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम
2. मु0अ0सं0 433/25 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना निगोही शाहजहाँपुर
3. मु0अ0सं0 448/25 धारा 109(1)/352 बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना निगोही जिला शाहजहांपुर

## गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

दिनांक 27.09.2025 को समय लगभग 00:33 बजे, स्थान खनन्का बार्डर के पास धूलिया मोड़ से सिद्ध बाबा मन्दिर जाने वाले कच्चे मार्ग पर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बरामदगी विवरण-

1. 01 अदद तमन्चा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस
2. 02 अदद खोखा कारतूस
3. 01 अदद मोबाइल ओप्पो कम्पनी रंग आसमानी नीला

## पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ पर अभियुक्त फुरकान कुरैशी उपरोक्त द्वारा बताया गया कि मै गौवशींय पशु के मीट को बीसलपुर व पीलीभीत मे ले जाकर बेचता हूं। जिससे मुझे अच्छा फायदा होता है। कुछ दिन पहले थाना निगोही के गौकशी के मुकदमें मे मैं जेल गया था। मेरी अदालत से जमानत हो गयी थी। आज पुन: मेरे साथियों 1.रिजवान उर्फ पैंदा पुत्र बहार अली निवासी ग्राम तालगाँव थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर 2.नईम पुत्र आबिद 3.अनस उर्फ कासिब पुत्र आशिफ हुसैन 4.अफजाल पुत्र मासूम निवासीगण ग्राम धुल्लिया थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर ने मुझे यहाँ यह कहकर बुलाया था कि आज इसी जगह के आसपास किसी गौवंशीय पशु का वध करेंगे जिसके मीट को ले जाकर बेच देगे। इसी लालच में मैं यहां पर आ गया था और अपने साथियो के आने का इंतजार कर रहा था तभी आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह थाना निगोही शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री प्रमोद कुमार थाना निगोही शाहजहाँपुर
3. उ0नि0 श्री लाल बहादुर थाना निगोही शाहजहाँपुर
4. उ0नि0 श्री यशपाल सिंह थाना निगोही शाहजहाँपुर
5. का0 2762 मोहित शाक्य थाना निगोही शाहजहाँपुर
6. का0 1131 अमित कुमार थाना निगोही शाहजहाँपुर
7. का0 2759 अंकित कुमार थाना निगोही शाहजहाँपुर
8. का0 2029 राहुल कुमार थाना निगोही शाहजहाँपुर
9. का0 2171 परीक्षित तेवतिया थाना निगोही शाहजहाँपुर
10. का0 2324 मोहित भाटी थाना निगोही शाहजहाँपुर